हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
# मेट्रो सिटी
नागपुर, शनिवार, 8 फरवरी 2025

## घातक हथियार के साथ हंगामा मचाते आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.**



अंबाझरी थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को घातक हथियार के साथ हंगामा मचाते हुए पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान संजयनगर, पांढराबोडी निवासी युवराज सुक्कल गजभिये (47) के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रात करीब 9 बजे पुलिस गश्त के दौरान सूचना मिली कि बाजी प्रभु नगर में एक व्यक्ति गाली-गलौच कर लोगों को धमका रहा है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपी युवराज को काबू में किया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक हत्तीमार चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत उसे गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# एडवांटेज विदर्भ 2.0 की हुई शुरुआत

### > मुख्यमंत्री फडणवीस और केंद्रीय मंत्री गडकरी ने किया उद्घाटन

**नागपुर.**

विदर्भ में उद्योगों को बढ़वा देने और निवेश के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एडवांटेज विदर्भ की शुरुआत की गई है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की संकल्पना से शुरू हुए इस उपक्रम के दूसरे संस्करण का उद्घाटन शुक्रवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा किया गया। इस दौरान देश और दुनिया के कई बड़े उद्योगपति शामिल हुए। जहां सभी ने कार्यक्रम की सराहना की और विदर्भ में किये जा रहे निवेश की जानकारी भी साझा की।

विदर्भ प्राकृतिक संसाधनों ने संपन्न क्षेत्र है। लेकिन उद्योग के मोर्चे पर क्षेत्र लगातार पिछड़ा रहा है। विदर्भ के लोग नौकरी और रोजगार के लिए राज्य के अन्य शहरों में जाते हैं, जिसके कारण पलायन भी बड़ी समस्या बनकर उभरा है। क्षेत्र में उद्योगों को बढ़ावा देने और पलायन की समस्या को रोकने के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अडवांटेज विदर्भ उपक्रम शुरू किया। जिसके माध्यम से देश और दुनिया भर के उद्योगपतियों को विदर्भ में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

शुक्रवार को अडवांटेज विदर्भ के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया गया। शहर के नागपुर विश्वविद्यालय के महात्मा ज्योतिबा फुले परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान देश सहित दुनिया भर के कई उद्योगपति शामिल हुए। जिसमें जेएसडब्लू प्रमुख सज्जन जिंदल और एचसीएल की रौशनी नाडर मल्होत्रा भी शामिल रही। कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि, विदर्भ के सभी जिलों अपने आप में अनोखे हैं। गडचिरोली ने जहां खनिज है, वहीं यवतमाल-अमरावती में कपास है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि, हम नागपुर को लॉयस्टिक हब के रूप में विकसित कर रहे हैं। नागपुर और वर्धा जिले की सीमा पर हमने सिंधी ड्राई पोर्ट बनाया है। वहीं उसी से जोड़कर 2400 करोड़ की लागत से मल्टीमॉडल हब और उद्योगिक क्लस्टर बनाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने गडचिरोली से रायपुर के बीच एक्सप्रेस-वे बनाने की बात भी कही।



एडवांटेज विदर्भ जैसा उपक्रम राज्य के अन्य हिस्सों में भी किया जाना चाहिए। इससे न केवल क्षेत्र में उद्योग आएंगे बल्कि वहां का विकास होगा। गडचिरोली में आ रहे निवेश को लेकर बोलते हुए उदय सामंत ने कहा कि, दो साल पहले मैंने कहा था गडचिरोली देश का स्टील सिटी बनेगी। आज वह पूरा होता दिखाई दे रहा है। उद्योग मंत्री ने सभी उद्योगपतियों को विदर्भ में निवेश करने के लिए जहां धन्यवाद किया और किसी भी तरह की समस्या नहीं होने का भरोसा भी दिया।

उद्योगपति नवीन जिंदल ने इस दौरान बोलते हुए कहा कि, विदर्भ देश का जल्द ही विकसित क्षेत्र बनने वाला है। हमने दावोस में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ समझौता किया और जिसके तहत आने वाले कुछ वर्षो हम विदर्भ के अंदर तीन लाख का निवेश करेंगे। जिंदल ने आगे कहा कि, नागपुर के बुटीबोरी में जहां हम बैटरी के सेल बनाने के लिए उद्योग स्थापित कर रहे हैं, वहीं गडचिरोली में हम दुनिया का सबसे बड़ा स्टील प्लांट स्थापित करेंगे। जिसकी सालाना क्षमता 25 मिलियन टन होगी। एक लाख करोड़ की लगत से हम यह स्टील लगाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि, जेएसडब्लू केवल मोटा लोहा बनाएगा और बाकी काम अन्य कंपनियों के माध्यम से करेगा।

### विदर्भ आज नई उड़ान भर रहा

विदर्भ निवेशकों के लिए प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। बड़ी संख्या में निवेश यहाँ किया जा रहा है। दावोस में 15 लाख करोड़ का जी निवेश आया है उसमें से पांच लाख करोड़ का निवेश केवल विदर्भ में होने वाला है। जिसमें देश और दुनिया की तमाम बड़ी कंपनियां शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, सोलर बैटरी से लेकर इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के तहत वाली कंपनियां विदर्भ में निवेश करने वाली है। गडचिरोली हो, अमरावती हो या नागपुर तमाम जिलों में निवेश लगातार बढ़ता जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, विदर्भ आज नई उड़ान भर रहा है।

## छत्रपति शिवाजी महाराज के ऐतिहासिक वाघनख नागपुर लाये गए

### > मुख्यमंत्री फडणवीस ने किया उद्घाटन

**नागपुर.** छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा उपयोग किए गए ऐतिहासिक वाघनख नागपुर वासियों के लिए 7 फरवरी से देखने के लिए उपलब्ध हुआ है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में नागपुर के केंद्रीय संग्रहालय में शिवकालीन शस्त्रों का विशेष प्रदर्शन उद्घाटित किया गया, जिसमें ऐतिहासिक वाघनखे भी आम जनता के लिए रखे गए।

वाघनखे वह प्रसिद्ध हथियार हैं, जिनका उपयोग शिवाजी महाराज ने प्रतापगढ़ की तलहटी में अफजल खान का कंठ निकालने के लिए किया था। कुछ महीने पहले, राज्य सरकार ने इन्हें लंदन से विशेष रूप से महाराष्ट्र लाया था। लगभग सात महीने तक ये वाघनखे सातारा स्थित संग्रहालय में रखी गई थीं। अब, इन ऐतिहासिक वाघनखों को आगामी सात महीनों के लिए नागपुर के केंद्रीय संग्रहालय में रखा गया है। ये वाघनख लंदन के विक्टोरिया एंड अल्बर्ट म्यूजियम से भारत लाए गए थे। पुरातत्व विभाग और राज्य सरकार द्वारा तैयार किए गए कार्यक्रम के अनुसार, छत्रपति शिवाजी महाराज की ऐतिहासिक वाघनखों का संग्रहालय में प्रदर्शन 1 फरवरी से 2 अक्टूबर तक नागपुर में रहेगा। उसके बाद, 3 अक्टूबर से 3 मई 2026 तक यह कोल्हापुर में प्रदर्शित किया जाएगा।



सातारा संग्रहालय में प्रदर्शित किए गए इन वाघनखों को अब तक तीन लाख से अधिक शिव प्रेमियों ने देखा है। इन वाघनखों के साथ-साथ संग्रहालय में शिवकालीन शस्त्रों और मुद्रा के बारे में भी जानकारी दी गई है।

## मेट्रो में नौकरी के नाम पर 3.32 लाख की ठगी

**नागपुर.** मेट्रो में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक युवक से 3.32 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। गणेशपेठ पुलिस ने इस संबंध में चंद्रपुर जिले के बोरगांव निवासी अभय नत्थुजी ढोरे (25) और अश्विन उपासे के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, केलवद, सावनेर निवासी दीपक मोरेश्वर कोल्हे (24) की आईटीआई अप्रेंटिस के दौरान अभय से पहचान हुई थी। अभय ने दीपक को बताया कि महामेट्रो में टिकट चेकर, टिकट काउंटर, सिक्योरिटी गार्ड समेत चार पदों पर भर्ती निकली है और वह अपनी पहचान के दम पर उसे नौकरी दिला सकता है, लेकिन इसके लिए 2.50 लाख रुपये देने होंगे।

दीपक इस झांसे में आ गया और अपने दोस्त अनंत साठे के माध्यम से मोबाइल बैंकिंग के जरिये अलग-अलग समय पर कुल 3.32 लाख रुपये भेज दिए। लेकिन जब कई दिनों तक नौकरी नहीं मिली, तो दीपक ने अभय से सवाल किए और अपनी रकम वापस मांगी। अभय ने उसे अश्विन के पास भेज दिया, लेकिन अश्विन भी टालमटोल करने लगा।



जब दीपक को ठगी का अहसास हुआ, तो उसने गणेशपेठ थाने में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## फांसी लगाकर पुलिसकर्मी ने कर ली खुदकुशी

### > गिट्टी खदान पुलिस क्वार्टर परिसर की घटना

**नागपुर.** गिट्टीखदान थानातंर्गत पुलिस क्वार्टर परिसर के एक क्वार्टर में एक पुलिसकर्मी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली. पुलिसकर्मी के आत्महत्या की बात का पता चलते ही पूरे परिसर में खलबली मच गई. मृतक का नाम हेमराज नैनेश्वर जिचकार (47) बताया गया है. वह शहर पुलिस के वाडी थाने में हवलदार के पद पर कार्यरत थे. उनके परिवार में पत्नी सोनू और 2 छोटे बेटे 12 वर्षीय मंथन और 8 वर्षीय भाविन हैं। हालांकि हेमराज मूलतः काटोल का रहने वाला था. वहां उसकी मां और छोटा भाई रहता है. अपने दोनों बेटों को स्कूल पहूंचाया और पेड़ों को पानी दिया. उनकी पत्नी पड़ोसी महिला के साथ काटोल रोड स्थित किसी शादी में गई हुई थी.



**प्लाट खरीदी की रकम का दबाव!**

दोपहर करीब 2.00 बजे के दौरान जब उनके दोनों बेटे स्कूल से घर पहुंचे तो घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला. आसपास के पड़ोसियों ने जब दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई प्रतिसाद नहीं मिला. जब खिड़की से झांक कर अंदर देखा तो उन्हें कमरे में हेमराज फांसी के फंदे पर लटका हुआ दिखाई दिया. इसके बाद पूरे पुलिस क्वार्टर परिसर में खलबली मच गई. कोई भी हेमराज द्वारा खुदकुशी किए जाने की बात पर यकीन नहीं कर रहा था. जानकारी मिलते ही गिट्टीखदान पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. बताया जा रहा है कि हेमराज ने कुछ दिन पहले 2 प्लाट खरीदी थे और करीब एक चौथाई रकम भी दे थी. रजिस्ट्री का समय आ रहा था और उनके पास पूरी रकम का इंतजाम नहीं हुआ था. इसके लिए वह पिछले कुछ दिनों से परेशान बताये जा रहे थे. फिलहाल पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी.

## महिला की हत्या के बाद, लाश के साथ दुष्कर्म

**नागपुर.**

हुड़केश्वर थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली सनसनीखेज घटना सामने आई है. शारीरिक संबंध बनाने से मना करने पर युवक ने पहले अपनी महिला दोस्त की गला दबाकर हत्या कर दी. फिर उसकी लाश के साथ सेक्स करके फरार हो गया. लेकिन कॉल रिकार्डिंग के आधार पर आरोपी की पहचान हुई और उसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया.

आरोपी का नाम रोहित टेकाम (23) कापसी निवासी बताया जा रहा है जबकि मृतक महिला हुड़केश्वर खुर्द निवासी रानी बाई (32)(बदला हुआ नाम) है. जानकारी के अनुसार, रानी शादीशुदा है और उसकी 10 वर्ष की बेटी है. उसका पति किसी ठाबे पर काम करता है और अपने परिवार के साथ किराये के मकान में रहता है. महिला भी ढाबे पर बर्तन मांजने का काम करती थी। आरोपी रोहित कापसी की किसी कंपनी में मजदूरी करता है। उसकी रानी से करीब 2 वर्ष से पहचान थी. रानी ने रोहित को फोन करके घर बुलाया था. रोहित दोपहर करीब 3 बजे उसके घर पहुंचा. इसके बाद दोनों ने शराब पी. इसके बाद रोहित ने रानी से शारीरिक संबंध की मांग की लेकिन मना करने पर वह भड़क गया. दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया. गुस्से में आकर रोहित ने उसके ही दुपट्टे से महिला का गला दबाकर हत्या कर दी. रोहित की हैवानियत यहीं नहीं रुकी. शराब के नशे में चूर रोहित ने रानी की लाश से सेक्स किया और फिर फरार हो गया. शाम करीब 5 बजे महिला की बेटी स्कूल से घर लौटी. मां को अचेत अवस्था में देखकर उसने अपने पिता को बुलाया. उसके घर पहुंचते ही महिला को मेडिकल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने अपराधिक मामला दर्जकर रोहित को गिरफ्तार कर लिया है आगे की जांच जारी है.



## शटर का सेंटर लॉक तोड़कर नकद 14 लाख किये पार

**नागपुर.** महाराष्ट्र राज्य के नागपुर सहित कई जिले में चोरी की घटना को अंजाम देने चुके शातिर चोर को क्राइम ब्रांच ने धरदबोचा। गिरफ्तार आरोपी सचिन प्रेम सिंह गौहर (42) नई बस्ती तिकोनिया, बंगाली कॉलोनी मुरार, ग्वालियर (मध्य प्रदेश) निवासी है। आरोपी के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं।

प्लॉट क्रं. 14 सिंधु नगर सोसाइटी, जरीपटका, नागपुर निवासी योगेश बलिराम सहजरामानी (50) ने जरीपटका थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें कहा है कि योगेश ने 25 दिसंबर 2024 को बिल्डिंग मटेरियल की सुगत नगर स्थित नेशनल सेल्स नामक दुकान बंद कर घर गए। दूसरे दिन सुबह 8.30 बजे जब दुकान पर गए तो उन्हें दुकान के सेंटर लॉक का ताला टूटा नजर आया। जाकर देखा तो काउंटर के ड्राइवर से नकद 14 लाख रुपए चोरी हो गए थे। शिकायत पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया। गुप्त सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच ने आरोपी सचिन गौहर को गिरफ्तार किया। आरोपी से नकद 7,48,000 रुपए, 20 कार, कपड़े, मोबाइल, सूटकेस सहित करीब 12 लाख 19 हजार 200 रुपए का माल जब्त किया है। आरोपी जरीपटका, लकडगंज, पांचपावली, यशोधरा नगर और मानकापुर में चोरी की घटना को अंजाम दे चुका है।

## हथियार के साथ घूमते मिला यवतमाल का युवक

**नागपुर.** नंदनवन पुलिस ने गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आरोपी यश अनिल काकडे (22), निवासी खापरी, घाटंजी, यवतमाल का रहने वाला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार शाम करीब 4 बजे नंदनवन थाने के बीट मार्शल इलाके में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान हिवरी नगर चौक से जयभीम नगर जाने वाले मार्ग पर एक संदिग्ध युवक नजर आया। पुलिस ने उसे रोका और तलाशी ली, जिसमें उसके पास से कोयता बरामद हुआ। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार कर नंदनवन थाने में मामला दर्ज कर दिया गया है और आगे की जांच जारी है ।

## नगर निगम की शिकायत निवारण हेल्पलाइन का मुख्यमंत्री फडणवीस ने किया उद्घाटन

### > टोल फ्री नंबर 155304 पर शिकायत दर्ज कराएं।

**नागपुर.** नागपुर नगर निगम ने शिकायतों के लिए शिकायत निवारण हेल्पलाइन शुरू की है। यह शिकायत निवारण हेल्पलाइन का उद्घाटन मुख्यमंत्री फडणवीस ने 'रामगिरी' में शुक्रवार को किया। नागरिक अब शिकायत निवारण हेल्पलाइन के माध्यम से टोल-फ्री नंबर 155304 पर अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे।

इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक डॉ.अभिजीत चौधरी, अतिरिक्त आयुक्त आंचल गोयल, उपायुक्त विजय देशमुख, अधीक्षण अभियंता डॉ. श्वेता बनर्जी, कार्यपालक अभियंता राजेश दुफारे, सूचना प्रौद्योगिकी अधिकारी स्वप्निल लोखंडे और अन्य उपस्थित थे। नगर निगम के शिकायत निवारण नंबर पर प्राप्त प्रत्येक कॉल पर विचार किया जाएगा तथा दर्ज शिकायत को संबंधित विभाग को भेज दिया जाएगा। इसके अलावा नागरिकों से भी फीडबैक मांगा जाएगा नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक डॉ.अभिजीत चौधरी ने मुख्यमंत्री को यह जानकारी दी। नागपुर महानगरपालिका द्वारा शहर के नागरिकों की विभिन्न शिकायतों के समाधान के कार्य में तेजी लाने के लिए यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। नगर आयुक्त एवं प्रशासक डॉ.अभिजीत चौधरी का मानना है कि इस सुविधा से शिकायत निवारण की प्रक्रिया में तेजी आएगी। अपनी शिकायतों के लिए नागरिकों को नागपुर नगर निगम के टोल-फ्री नंबर 155304 पर कॉल करना चाहिए और अपनी शिकायत से संबंधित जानकारी देनी चाहिए। नागपुर नगर निगम ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने के लिए शिकायत निवारण पोर्टल और 'माई नागपुर' ऐप की सुविधा पहले ही उपलब्ध करा दी है। इन सुविधाओं में अब सीधे फोन करके शिकायत दर्ज कराने की सुविधा भी उपलब्ध है। इसके लिए नगर निगम मुख्यालय स्थित श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी सिटी ऑपरेशन सेंटर में एक टीम तैनात की गई है। नगर निगम की शिकायत निवारण हेल्पलाइन सोमवार से शुक्रवार सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक तथा शनिवार और रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 8 बजे तक खुली रहेगी। नगर निगम नागरिकों से अपील कर रहा है कि वे नगर निगम की शिकायत निवारण हेल्पलाइन का लाभ उठाएं तथा 155304 पर नगर निगम कर्मचारियों को अपनी शिकायत के बारे में विस्तृत जानकारी देकर शिकायत दर्ज कराएं।




## राहुल गांधी के आरोप पर फडणवीस का पलटवार

**नागपुर.**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में वोट घोटाला होने का आरोप लगाया। राहुल ने कहा कि, जानबूझकर अल्पसंख्यक के नाम वोटिंग लिस्ट से काटे गए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कांग्रेस नेता के बयान पर पलटवार किया है। फडणवीस ने कहा कि, दिल्ली चुनाव में कांग्रेस का सूपड़ा साफ़ होने वाला है। इसी कारण नतीजों के पहले एक नैरेटिव बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी के साथ फडणवीस ने विपक्ष के नेता को आत्ममंथन करने की सलाह भी दी।

## बाजार में चलाये 20 लाख के नकली नोट

### > 6 आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.**

संतरा नगरी में एमपीएससी पेपर बिक्री कांड मामले को लेकर जारी हंगामें के बीच नागपुर में नकली नोटों का छापाखाना चलाए जाने का बड़ा खुलासा हुआ है। यह छापाखाना नागपुर-कामठी रोड पर जरीपटका थाना अंतर्गत चॉक्स कॉलोनी में प्लॉट नंबर 80 में संचालित हो रहा था। इस मामले में मध्यप्रदेश की इंदौर पुलिस ने आरोपी मलकीत सिंह गुरमेश सिंह विर्क क्वार्टर नंबर 80, चॉक्स कॉलोनी, कामठी रोड, नागपुर और मनप्रीत सिंह कुलविंदर सिंह विर्क (26) क्वार्टर नंबर 84 चॉक्स कॉलोनी कामठी रोड नागपुर निवासी सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोप है कि मलकीत सिंह विर्क और मनप्रीत सिंह विर्क नकली नोट छापकर नागपुर के अलावा मुंबई, पुणे सहित राजस्थान के जोधपुर, मध्यप्रदेश के इंदौर, जबलपुर, सीहोर में नोट चला चुके हैं। गिरफ्तार आरोपियों से 200 और 500 रुपए के 2 लाख के नकली नोट बरामद हुए। नोट छापने के उपकरण भी जब्त किए हैं। नागपुर के मनप्रीत और मलकीत ने 20 लाख के नकली नोट दिए हैं। बताया जाता है कि डिमांड यानी की आर्डर के अनुसार ही यह नकली नोट छापकर देते थे।




1 लाख रुपए की नकली नोट छापकर देने के बदले में 20 से 30 हजार रुपए असली नोट लेते थे, वह भी ग्राहक देखकर सौदा तय करते थे। ताज्जुब यह कि जरीपटका थाने की पुलिस के नाक नीचे नकली नोटों का छापाखाना शुरू था, लेकिन इसकी भनक न तो जरीपटका पुलिस थाने के डीबी, खुफिया विभाग को लगी और न ही शहर की क्राइम ब्रांच और उसके अंतर्गत संचालित होने वाली 5 यूनिट के अधिकारियों- कर्मचारियों को खबर लगी। नागपुर शहर की क्राइम ब्रांच एक बार फेलियर साबित हो गई। शहर में चोरी, हत्या की वारदातें बढ़ रही हैं, डिटेक्शन का प्रमाण न के बराबर है। ऐसे में इस तरह के बड़े मामले शहर की क्राइम ब्रांच के अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर संदेह के घेरे में खड़े कर रहे हैं। नागरिकों का भी सवाल है कि आखिर मुख्यमंत्री के गृह नगर में यह सब चल क्या रहा है।

इंदौर महानगर के डीसीपी जोन 2 के एसपी अभिनय विश्वकर्मा को गुप्त सूचना मिली कि इंदौर में नकली नोटों के संचालन में अंतरराज्यीय गिरोह सक्रिय है। इस गिरोह के तार महाराष्ट्र के नागपुर से जुड़े हैं। उन्होंने इस मामले का पर्दाफाश करने के लिए नागपुर के पुलिस परिमंडल 5 के उपायुक्त निकेतन कदम की मदद ली और चॉक्स कॉलोनी निवासी मलकित सिंह विर्क और मनप्रीत सिंह विर्क को नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया गया। यह दोनों आरोपी नकली नोट का छापाखाना घर में शुरू कर रखा था। दोनों 500 और 200 रुपए के नकली नोट छापा करते थे। इसके बाद डिमांड या आर्डर के अनुसार उसे ट्रैवल्स बसों में पार्सल के माध्यम से भेजा करते थे। यह अब तक कितने नकली नोट भेज चुके हैं, इसके बारे में इंदौर पुलिस पूछताछ कर रही है। दोनों आरोपियों को नागपुर से प्रोडक्शन वारंट पर इंदौर पुलिस लेकर गई, लेकिन जरीपटका थाने के थानेदार को भनक तक नहीं लग सकी और न ही इस क्षेत्र में कार्यरत क्राइम ब्रांच की यूनिट 5 को कोई मालूमात मिल सकी।

### ऐसे हुआ खुलासा

इंदौर के लसूडिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने नकली नोट के साथ शुभम मदन रजक को गिरफ्तार किया, जिसने ये नोट महिपाल उर्फ मोहित बेड़ा से खरीदे थे। पूछताछ में मोहित ने नागपुर के मनप्रीत और मलकित सिंह का नाम लिया, जिनसे 20 लाख रुपए के नकली नोट खरीदे गए थे। पुलिस ने मलकित और अन्य आरोपियों से 2 लाख रुपए के नकली नोट बरामद किए। आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे अब तक 20-22 लाख रुपए के नकली नोट तैयार और बेच चुके थे।



88888 86930 | 77220 24512 | domestic@btpyatra.com | www.btpyatra.com

CMYK

# कोंढाली नगर पंचायत को मिलेगा 64 करोड़ का विकास बजट

**कोंढाली,**




काटोल. कोंढाली नगर पंचायत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए विकास कार्यों को गति दी जा रही है। वर्षों के प्रयासों के बाद कोंढाली को नगर पंचायत का दर्जा मिला, जिससे अब इसके समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। नगर पंचायत के प्रशासक धनंजय बोरिकर ने वर्ष 2025 के लिए 64 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का प्रस्ताव पेश किया है।

कोंढाली के युवाओं ने विधायक चरण सिंह ठाकुर से खेल के मैदान की समस्या को लेकर चर्चा की। इस पर विधायक ने आश्वासन दिया कि जल्द ही नगर पंचायत भवन और खेल मैदान की समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस विषय पर वन, राजस्व, शहरी विकास और खेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी, जिससे खेल मैदान की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

कोंढाली नगर पंचायत के इस विकास कार्य में सभी नागरिकों का सहयोग आवश्यक होगा।

## इन विकास कार्यों को मिलेगी प्राथमिकता

**प्रस्तावित 64 करोड़ रुपये के बजट में प्रमुख कार्य शामिल हैं:**

सीमेंट सड़कों का निर्माण – 23 करोड़ रुपये
सीवेज निकासी के लिए नालियां – 21 करोड़ रुपये
अन्य आवश्यक विकास कार्य – 20 करोड़ रुपये
खेल मैदान की समस्या होगी हल

**इन सभी परियोजनाओं के लिए धनराशि स्वीकृत होते ही कार्यों में तेजी लाई जाएगी, ताकि कोंढाली नगर पंचायत को एक विकसित और आदर्श नगर बनाया जा सके। कोंढाली नगर पंचायत के लिए यह एक बड़ा अवसर है, जिससे क्षेत्र का चहुंमुखी विकास संभव हो सकेगा।**

## > अब नहीं रुकेगा विकास

पूर्व सरपंच, उपसरपंच, ग्राम पंचायत सदस्य, पूर्व विधायक, पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, नगरविकास मंत्री व उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और विधायक चरण सिंह ठाकुर के प्रयासों से नगर पंचायत को निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है।

# पोरवाल कॉलेज में केसरी कलारंग का समापन

**कामठी.**



स्थानीय सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज में सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम केसरी कलारंग के अंतर्गत 3 फरवरी से शुरू हो कर वार्षिक स्नेह सम्मेलन 5 फरवरी को संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल विकास शर्मा, कमांडिंग ऑफिसर 20 महाराष्ट्र बटालियन, नागपुर ने छात्रों को जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प, दृढ़ता, कड़ी मेहनत और निरंतर अभ्यास का उपयोग करने की सलाह दी। कार्यक्रम के विशेष अतिथि सचिन बनकर, प्राचार्य भारतरत्न इंदिरा गांधी जूनियर कॉलेज, कन्हान ने अनुशासन के महत्व पर जोर देते हुए सभी को जीवन में सफल होने के लिए नियमों और अनुशासन का पालन करने का आह्वान किया।

कॉलेज के प्राचार्य एवं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. विनय चव्हाण ने आशा व्यक्त की कि केसरी कलारंग के माध्यम से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ा है और वे जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ एक कामयाब भारतीय नागरिक बनेंगे। केसरी कलारंग के दौरान आयोजित प्रतियोगिता में मुशायरा-डॉ. अजहर अबरार, नृत्य-डॉ.आशा रामटेके, नाटक-डॉ. महेश जोगी, गीत गायन-डॉ. विनोद शेंडे, आनंद मेला-डॉ. रेणुका रॉय इन संयोजकों के निदेशन तथा प्रतिभागियों की कड़ी मेहनत और छात्रों की लगन से कार्यक्रम के उत्साह को और बढ़ा दिया।

विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. मनिष चक्रवर्ती, उपप्राचार्य डॉ. रेणू तिवारी, डॉ. स्वप्नील दहात, डॉ. नितीन मेश्राम, डॉ. संजीव शिरपूरकर, डॉ. इफ्तेखार हुसैन, डॉ. प्रशांत बाम्बल, डॉ. यशवंत मेश्राम, डॉ. जयंत रामटेके, डॉ. सिद्धार्थ मेश्राम, डॉ. दीपक भावसागर, डॉ. तुषार चौधरी, डॉ. रतिराम चौधरी, डॉ. प्रशांत धोंगले, लेफ्टनंट मोहम्मद असरार, डॉ. जितेंद्र तागडे, डॉ. राजेंद्र मुंगमोडे, डॉ. राजेश पराते, डॉ. इंद्रजीत बसू, डॉ. किशोर ढोले, डॉ. तारुण्य मुलतानी, डॉ. सुदीप मोंडल, डॉ. विकास कामडी, ग्रंथपाल शिल्पा हिरेखण, रजिस्ट्रार स्वप्नील राठोड सहित प्राध्यापक व शिक्षकेतर कर्मचारी तथा बहुसंख्या विद्यार्थी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का सूत्रसंचालन सरफराज अंसारी और आर्या बागडे तथा आभार प्रदर्शन कलारंग कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. गिजाला हाश्मी ने व्यक्त किया।

# आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने पेश किया विशेष पैकेज

**नागपुर.**

IDFC FIRST Bank

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने वरिष्ठ नागरिकों की विशिष्ट वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से अनूठी बैंकिंग सेवाओं और उत्पादों की एक विशेष श्रृंखला लॉन्च की है।

इन सेवाओं में सीनियर सिटीज़न सेविंग्स अकाउंट और सीनियर सिटीज़न फिक्स्ड डिपॉजिट्स शामिल हैं, जो वरिष्ठ नागरिकों के लिए बेहतर, सुरक्षित और उनकी जरूरतों के अनुसार अनुकूलित वित्तीय समाधान प्रदान करने की बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। इस प्रोग्राम के तहत, बैंक ने अपनी मोबाइल बैंकिंग ऐप पर 'सीनियर सिटीज़न स्पेशल्स' नाम का एक विशेष फीचर जोड़ा है। यह फीचर वरिष्ठ नागरिकों को सुविधाजनक और अनुकूलित सेवाएँ प्रदान करता है, जिससे उनके बैंकिंग अनुभव को और सरल और प्रभावी बनाया जा सके। वरिष्ठ नागरिकों के लिए बैंक की पेशकश पर बात करते हुए, चिन्मय धोबले, कंट्री हेड- रिटेल लाइबिलिटीज़ और ब्रांच बैंकिंग, ने कहा, "हम अपने वरिष्ठ नागरिकों को खास महसूस कराना चाहते हैं और इसी सोच के साथ, उनके लिए नई और उपयोगी सेवाएँ लेकर आए हैं। सीनियर सिटीज़न सेविंग्स अकाउंट में से हमने उन 30 से ज्यादा शुल्कों को खत्म कर दिया है, जो आमतौर पर सेविंग्स अकाउंट पर लगाए जाते हैं। इसके साथ ही, हमने अपने सम्मानित वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक खास पैकेज तैयार किया है, जिसमें फिक्स्ड डिपॉजिट को समय से पहले तोड़ने पर कोई पेनल्टी नहीं होगी।"

# उपराजधानी के डॉक्टरों में मनाया व्यावसायिक चिकित्सा शिक्षा दिवस

**नागपुर.**



उपराजधानी के डॉक्टरों में व्यावसायिक चिकित्सा शिक्षा दिवस मनाया। इस मौके पर सभी ने अपने अनुभव बांटे। अखिल भारतीय व्यावसायिक चिकित्सक संघ ने व्यावसायिक चिकित्सा विद्यालय और केंद्र जीएमसीएच के बैनर तले होटल लीजेंड इन में आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में डॉक्टर उदय बोधनकर, डॉ. सुशील मानकर, आर्थोपेडिक सर्जन, डॉ. सुधीर भावे, मनोचिकित्सक, डॉ. मीनाक्षी गिरीश, एचओडी एम्स, डॉ. सोफिया आज़ाद, डॉ. प्रज्ञा पाठक, डॉ. नीलम जैन, डॉ. श्रीकांत चिंचालकर और कनाडा से डॉ. विजय सुपले शमिल थे। प्रतिष्ठित यंग ओटी उद्यमी पुरस्कार सहित विशेष पुरस्कारों के साथ नवाजा गया। डॉ. अलीशा टेंभेकर को सम्मानित किया गया।

पद्म पुरस्कार विजेता डॉ. चंद्रशेखर मेश्राम, न्यूरोलॉजिस्ट, वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ़ न्यूरोलॉजी के ट्रस्टी ने प्रेरक भाषण दिया। सम्मानित अतिथि डॉ. उदय बोधनकर जो कॉमहैड यूके के कार्यकारी निदेशक हैं। उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों और बचपन से ही ओटी स्कूल के साथ जुड़ाव के बारे में व्यक्तिगत अनुभव भी साझा किए। डॉ. बोधनकर ने अपने सबसे बड़े भाई स्वर्गीय डॉ. विजय कुमार बोधनकर के नाम पर एक लाख रुपए का व्यक्तिगत योगदान देने की घोषणा की, डॉ. विजय कुमार बोधनकर 1964 में हैदराबाद में बस गए थे।

विशेष रूप से विकलांग पीड़ित समुदाय के कल्याण के लिए उनके योग्य योगदान के लिए दो प्रतिष्ठित चिकित्सकों को कॉमहैड इंटरनेशनल की ओर से सम्मानित किया गया। डॉ. सोफिया आज़ाद प्रिंसिपल ओटी स्कूल जीएमसी और डॉ. विजय सुपले विंडसर कनाडा से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सामुदायिक व्यावसायिक चिकित्सक सहित औरंगाबाद से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सतीश मसलेकर को सम्मानित किया गया। डॉ. दीपक एशिया और डॉ. वैशाली ने टीम के साथ मिलकर ओटी दिवस की शानदार सफलता के लिए कड़ी मेहनत की। इस अवसर पर ओ.टी. स्कूल नागपुर के पूर्व प्राचार्य डॉ. प्रकाश उइके, पी.टी. साइकोलॉजी. एम.सी. नागपुर की पूर्व प्राचार्य डॉ. नंदिनी देशपांडे, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एवं डॉ. ठोम्बरे तथा डॉ. सुधीर मंगरुलकर, मुख्य रूप से उपस्थित थे.

# अमृता ठाकुर बनी ग्लोबल इंटरनॅशनल फाऊंडेशन की कर्नाटक महिला अध्यक्षा

**नागपुर.**



ग्लोबल इंटरनॅशनल फाऊंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष डॉ.मनीषा ठाकरे द्वारा बिदर में आयोजित एक कार्यक्रम में अमृता ठाकुर को कर्नाटक राज्य के महिला अध्यक्षा पद पर नियुक्त किया गया। ज्ञात हो कि उनकी उच्च कोटी की समाज सेवा को देखते हुए उन्हे ये जिम्मेदारी सोपी गई, उनका समाज के प्रति स्नेह भाव और समर्पण देख संस्थापक अध्यक्ष ने खुद बिदर जिल्हा जाकर आदर सत्कार के साथ अमृता ठाकुर को नियुक्ति पत्र और आईडी कार्ड प्रदान किया। अमृता ठाकुर बिदर के स्वतंत्र सेनानी ब्रिजपाल सिंह ठाकुर की पौत्री है। उनकी पौत्री भी उनके दिखाए मार्ग पर चल कर समाज सेवा कर रही है, घर परिवार को संभालते हुए समाज के लिए कुछ करना की चाह ने अभी तक उनसे कई प्रकार के कार्य को अंजाम दिया है, वे युवाओं के लिए प्रेरणा बनी है, अब संस्था से जुड़कर अधिक से अधिक मजबूर और अन्याय पीड़ित लोगों की मदत करने की चाह रखती है। इस विशेष कार्यक्रम में संस्था के बोर्ड मेंबर / राष्ट्रीय सचिव डॉ. अक्षित मनीषा ठाकुर, बोर्ड मेंबर डॉ. जय संजय रामटेके, बिदर जिला अध्यक्ष / कर्नाटक राज्य सचिव विशाल चिमकुड़े, तेलंगाना राज्य के सचिव केतकी संगमेश्वर, मंदिर के महापंडित मधुपति गौरीशंकर, नवनियुक्त सदस्य शिवानी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# अदाणी फाउंडेशन ने आयोजित की 'किसान अध्यन यात्रा'

**नागपुर.**



किसान हमारे देश की रीढ़ हैं और उनकी उन्नति से ही देश की प्रगति संभव है। समय के बदलने के साथ कृषि करने के तौर-तरीकों में बदलाव लाना भी बहुत जरूरी है। ऐसे में, खेती-किसानी को आधुनिक और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अदाणी फाउंडेशन ने एक अनूठी पहल की है। गुरुवार, 6 फरवरी, 2025 को नींबू वर्गीय अनुसंधान संस्थान, वाडी, नागपुर में 'किसान अध्ययन यात्रा' का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य किसान भाइयों को संतरा और मोसंबी की खेती से संबंधित उन्नत तकनीकों और नए तरीकों की जानकारी प्रदान करना था। इस प्रकार, सत्र के माध्यम से किसानों ने खेती के उन्नत और वैज्ञानिक तरीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

इस कार्यक्रम का आयोजन अदाणी फाउंडेशन के सौजन्य से वात्सल्य बहुउद्देशीय कल्याण संस्थान के द्वारा किया गया। पाँच गाँवों के, यानि गौंडखैरी के 7, कलंबी के 9, अलेसुर के 1, साउली माउली के 5 और सुराबर्डी के 7, इस प्रकार कुल 29 किसान भाइयों ने इस अध्ययन सत्र में भाग लिया। यह आयोजन खास तौर पर उन किसानों के लिए था, जो संतरा और मौसंबी की खेती करते हैं और अपनी फसल की गुणवत्ता व उत्पादन को बेहतर बनाने की इच्छा रखते हैं।

इस अध्ययन यात्रा में किसानों को नींबू वर्गीय फलों की खेती के वैज्ञानिक और व्यावसायिक पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई। अनुसंधान संस्थान के विशेषज्ञों ने संतरा और मोसंबी की खेती के आधुनिक तरीकों पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे सही समय पर सिंचाई, पोषण और कीट नियंत्रण से फसल की गुणवत्ता और पैदावार को बढ़ाया जा सकता है।

# नए कानून को कार्यान्वयन के लिए पुलिस ने ली कार्यशाला

**> खापरखेडा पुलिस का स्तुत्य कार्यक्रम**
**> सैकड़ों नागरिकों की उपस्थिति**

**खापरखेडा.**



खापरखेड़ा क्षेत्र में तुलसी मंगल कार्यालय पर स्थानीय पुलिस विभाग द्वारा आज कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यशाला कार्यक्रम के मुख्य मार्गदर्शक खापरखेड़ा पुलिस थाना की पुलिस उपनिरीक्षक आरती नरोते, तथा मंचपर खापरखेडा ग्राम पंचायत की सरपंचा मीनाक्षी तागडे, पिपाला (डां.बं.) के सरपंच विष्णु कोक्कुडे और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर मौजूद थे।ईस उपलक्ष पुलिस उपनिरीक्षक आरती नरोते ने नये कानुन का विश्लेषण करते हुए नया कानून 1) भारतीय न्याय संहीता 2023, 2) भारतीय नागरीक सुरक्षा संहीता 2023, 3) भारतीय साक्ष अधिनियम 2023 संबधी उपस्थितो को मार्गदर्शन किया।बताया गया है की यह कार्यशाला का आयोजन नगर परिषद पिपरी कान्हा में किया गया था लेकिन कुछ कारणवश खापरखेड़ा में आयोजित की गई।

इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच, उपसरपंच, सदस्य, कन्हान के नगरसेवक, स्वास्थ्य कर्मचारी,पुलिस पाटिल, आंगनवाड़ी सेविका, पत्रकार , महिला मंडल समिति के सदस्य इस अवसर पर मौजूद थे।

# बरिएमं ने रमाई आंबेडकर की जयंती मनाई

**कामठी.**



बहुजन रिपब्लिकन एकता मंच (बरिएमं) की ओर से संयोजिका व पूर्व राज्यमंत्री एड. सुलेखा कुंभारे के मार्गदर्शन में शुक्रवार को सुबह प्रभाग क्रमांक 15 गौतम नगर स्थित पोरवाल कॉलेज के समीप डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की धर्मपत्नी रमाई आंबेडकर के पुतले को सामूहिक माल्यार्पण कर सामूहिक अभिवादन कर 127वीं जयंती मनाई गई।

इस मौके पर संबोधित करते हुए बरिएमं के विदर्भ महासचिव व नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष अजय कदम ने कहा कि माता रमाई के त्याग से बाबासाहेब डॉक्टर आंबेडकर उच्चतम शिक्षा प्राप्त करने और देश की सामाजिक आर्थिक विषमता को दूर करने में सफल रहे। उन्होंने कहा की माता रमाई ने आर्थिक तंगी के बावजूद डॉ. आंबेडकर को उच्च शिक्षा हासिल करने के दौरान अपने दु:ख का अहसास नहीं होने दिया। अजय कदम ने यह भी कहा कि माता रमाई का योगदान अविस्मरणीय है, वह वर्तमान समय में महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इस मौके पर बहुजन रिपब्लिकन एकता मंच के विदर्भ महासचिव व कामठी नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अजय कदम, दिपंकर गणविर, सुभाष सोमकुंवर, अनुभव पाटील, मनिष डोंगरे, विनय बांबोडे, पूर्व नगरसेविका सावला गजभिये, दीपक सिरिया, शशिकांत तांबे, सुबोध मेश्राम, वकील तांबे, सुबोध चांदोरकर, रोशन दहाट, विजय चांदोरकर, अरविंद फुले, अंकुश फुले आदि पदाधिकारी व सदस्य प्रमुखता से मौजूद रहें।

# किसानों के दरवाजे पर ऊर्जा विभाग




**कोंढाली.**

नागपुर जिले के कोंढाली बिजली उपविभाग क्षेत्र में 7 फरवरी को दोपहर तीन बजे बिजली विभाग द्वारा किसानों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कोंढाली और आसपास के गांवों के कई किसान उपस्थित थे। विद्युत विभाग के अधीक्षक अभियंता राजेश नाइक और उपविभागीय विद्युत अधिकारी प्रणव कुरेवार ने किसानों को महाराष्ट्र सरकार की सौर कृषि पंप योजना के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। महाराष्ट्र सरकार अब 'मांगने वालों को सौर कृषि पंप' की सुविधा उपलब्ध करा रही है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस योजना की आधिकारिक घोषणा की है और आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक किसान ऑनलाइन फॉर्म भरकर इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

इस कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान पुरुषोत्तम हगावने, रूपेश कालबांडे और यादवराव बागडते ने सौर ऊर्जा पंप लगाने की इच्छा जताई। वहीं, बिहालगोंदी के किसान रामदास मरकाम, वसंत नगर के गोपाल राठौड़, रतन चव्हाण, जगदीश चव्हाण और बाबा राव रेवतकर ने योजना से जुड़ी कुछ शंकाएँ व्यक्त की, जिनका समाधान वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया।

## कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी एवं किसान

इस अवसर पर कोंढाली उपविभागीय उप कार्यकारी अभियंता प्रणव कुरेवार, सहायक अभियंता अमरपाल मून, श्रीकांत समृद्धवार, प्रल्हाद ओमकार, दीपक घोडके, आशीष कुलसंगे, दुष्यंत बालपांडे सहित अन्य अधिकारी और कई किसान प्रतिनिधि मौजूद थे। बिजली विभाग के अधिकारियों ने किसानों को बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य नागपुर जिले के सभी पात्र किसानों को सौर कृषि पंप उपलब्ध कराना है। यह योजना किसानों की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में मदद करेगी।

## सौर कृषि पंप योजना की मुख्य विशेषताएं

- इस योजना के तहत जो भी किसान सौर ऊर्जा पंप की मांग करता है, उसे 90% से 95% तक की सब्सिडी दी जाएगी।
- यह योजना 1 एचपी से 7.5 एचपी तक के पंपों के लिए लागू होगी।
- अब तक केवल सौर ऊर्जा से चलने वाले उपकरणों का प्रदर्शन किया गया है, जिससे किसानों को इसकी कार्यप्रणाली समझाई गई।
- इस योजना के लिए आवेदन महाडिस्कॉम के माध्यम से ऑनलाइन पोर्टल पर किया जा सकता है।

# एसीबी के जाल में फंसी महिला अधिकारी

**> 24 घंटे में रिश्वत लेते दूसरा पुलिस अधिकारी गिरफ्तार**

**नागपुर.**



भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो यानी एसीबी की एक टीम ने एक महिला पुलिस अधिकारी को चोरी के एक मामले में आरोप से बचने के लिए 30,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। रिश्वतखोर महिला पुलिस अधिकारी का नाम ज्योत्सना प्रभु गिरी उम्र 34 है। 24 घंटे में पुलिस अधिकारियों द्वारा रिश्वत लेने की यह दूसरी घटना है। इस घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

आरोपी महिला अधिकारी बुटीबोरी एमआईडीसी पुलिस स्टेशन में पुलिस सब-इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत है और क्राइम डिटेक्शन टीम की प्रमुख है। 26 वर्षीय शिकायतकर्ता बुटीबोरी क्षेत्र में रहती है। एमआईडीसी बोरी पुलिस ने चोरी के एक मामले में उसके दोस्त को गिरफ्तार किया था। इस मामले की जांच का जिम्मा ज्योत्सना पर था। पुलिस को शिकायतकर्ता का मोबाइल नंबर उसके दोस्त के मोबाइल फोन पर मिला। इसलिए ज्योत्सना ने शिकायतकर्ता को पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन बुलाया। पूछताछ के दौरान उसका मोबाइल फोन छीन लिया गया। उसे चोरी के आरोप में फंसाने की धमकी दी गई। उस पर झूठा आरोप लगाकर जेल भेजने की तैयारी होने लगी। इससे शिकायतकर्ता युवक डर गया। ज्योत्सना ने शिकायतकर्ता से अपराध में उसे आरोपी न बनाने के लिए एक लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। समझौता होने के बाद वह 30 हजार रुपये लेने को राजी हो गई। इस बीच युवक ने ज्योत्सना के खिलाफ एसीबी में शिकायत दर्ज करा दी।

शिकायत की जांच के बाद ज्योत्सना को रंगे हाथों पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया। गुरुवार शाम को ज्योत्सना ने शिकायतकर्ता को पैसे लेकर अपने कार्यालय बुलाया। एसीबी ने वहां पहले से ही जाल बिछा रखा था। ज्योत्सना ने जैसे ही अपने कमरे में परिवादी से 30 हजार रुपये की रिश्वत ली, एसीबी टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। उसके पास से रिश्वत की रकम जब्त कर ली गई। उनके अपने पुलिस स्टेशन में अपराध दर्ज करने की प्रक्रिया देर रात शुरू हुई।

बता दें कि पहली एक घटना में एक व्यक्ति के विरुद्ध की ठगी से जुड़े मामले की जांच कर रहा कोराडी थाने में कार्यरत सहायक पुलिस निरीक्षक (एपीआई) खुद घूसखोरी के आरोप में फंस गया है। बिना कोई कार्रवाई सेटलमेंट कर लेने के लिए घूसखोर सहायक पुलिस निरीक्षक प्रेमानंद दादाराव कात्रे (43) ने फरियादी से 2 लाख की रिश्वत की मांग की थी। एपीआई कात्रे शिकायतकर्ता को इस मामले में फंसाने की धमकी दे रहा था। इसके बाद शिकायतकर्ता ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को शिकायत की। इसके बाद एसीबी ने जाल बिछाकर घूसखोर एपीआई को 2 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों धरदबोचा।

# वर्धा जिला परिवहन उप-शाखा पर सवाल

## > सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट से बढ़ी चर्चा

**हिंगनघाट.**

शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पूर्व पुलिस अधीक्षक नूरुल हसन के प्रयासों से एक साल पहले वर्धा जिला परिवहन विभाग की उप-शाखा स्थापित की गई थी। लेकिन वर्तमान में यह उप-शाखा चर्चाओं में घिर गई है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल होने के बाद यह सवाल उठने लगा है कि क्या यह उप-शाखा वास्तव में यातायात व्यवस्था को सुधारने में सक्षम है?

नागरिकों का आरोप है कि हिंगणघाट क्षेत्र में कार्यरत परिवहन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी अपने कर्तव्यों के बजाय अन्य चीजों में व्यस्त हैं। लोगों का कहना है कि अधिकारियों का ध्यान यातायात




सुधारने से ज्यादा 'लक्ष्मी दर्शन' पर केंद्रित है। यह आरोप सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे प्रशासन पर सवाल उठ रहे हैं। शहर में चल रहे विकास कार्यों, बढ़ती आबादी और अनियंत्रित वाहनों के कारण ट्रैफिक जाम एक आम समस्या बन गई है। खासकर स्कूलों के पास और निर्माण स्थलों पर स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। यातायात नियंत्रण के लिए तैनात अधिकारियों की लापरवाही के चलते नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के नागरिक अब यह सवाल उठा रहे हैं कि हिंगणघाट में स्थापित वर्धा जिला परिवहन उप-शाखा अपनी जिम्मेदारी सही तरीके से निभा रही है या नहीं। अधिकारी और कर्मचारी महत्वपूर्ण यातायात स्थलों पर तैनात होने के बजाय दूसरी जगहों पर दिखाई देते हैं, जिससे ट्रैफिक की समस्या और बढ़ रही है।

### नागरिकों की मांग – व्यवस्था में सुधार हो

शहरवासियों की मांग है कि परिवहन विभाग अपनी प्राथमिकता बदले और 'लक्ष्मी दर्शन' की बजाय यातायात नियंत्रण पर ध्यान दे। लोग चाहते हैं कि अधिकारी और कर्मचारी पूरी निष्ठा से अपने कार्यों का निर्वहन करें, ताकि यातायात की समस्या से राहत मिल सके। अब देखना होगा कि प्रशासन इस विषय पर क्या कदम उठाता है और वर्धा जिला परिवहन उप-शाखा नागरिकों की उम्मीदों पर खरी उतरती है या नहीं।

# एक माह और बढ़ाई जाए सोयाबीन खरीद का समय

## > नहीं तो अरब सागर में फेकेंगे बचे हुए सोयाबीन", रविकांत तुपकर की चेतावनी

**बुलढाणा.** क्रांतिकारी किसान संघ के अध्यक्ष रविकांत तुपकर ने सरकार से सोयाबीन खरीद के लिए एक महीने की अवधि की समय समय और बढ़ाने की मांग की है। तुपकर ने चेतावनी दी है कि यदि यह मांग पूरी नहीं की गई तो बची हुई सोयाबीन को समुद्र में फेंक दिया जाएगा।

तुपकर ने कहा कि सोयाबीन की सरकारी खरीद की अवधि समाप्त होने के कारण कई किसानों के पास अभी भी सोयाबीन पड़ा हुआ है। सरकारी सोयाबीन खरीदी के लिए कई किसानों ने पंजीयन भी करा लिया है। क्रांतिकारी किसान संघ के अध्यक्ष रविकांत तुपकर ने कहा कि हालांकि, तय समय सीमा में सोयाबीन की खरीद नहीं होने के कारण अभी भी देखा जा रहा है कि पूरा सोयाबीन किसानों के पास पड़ा हुआ है। उन्होंने सरकार से सोयाबीन की खरीद एक महीने बढ़ाने की मांग की है। रविकांत तुपकर ने यह भी चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने सोयाबीन की खरीद की समय सीमा एक महीने नहीं बढ़ाई तो वे इस बची हुई सोयाबीन को अरब सागर में फेंक देंगे।

# 15 दिनों से जारी 'चूल्हा जलाव' आंदोलन

## > दिंदोडा प्रकल्पग्रस्तों का संघर्ष जारी

**हिंगनघाट.**



दिंदोडा प्रकल्पग्रस्त संघर्ष समिति द्वारा 23 जनवरी से दिंदोडा बांध पर 'चूल्हा जलाव' अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी है। इस आंदोलन में 500 से 600 पुरुष और महिलाएं दिन-रात डटे हुए हैं, चाहे सर्दी हो या गर्मी। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगों को मान नहीं लिया जाता, तब तक वे पीछे नहीं हटेंगे।

1993 और 1999 के बीच सरकार ने मामूली शुल्क लेकर किसानों की भूमि का अधिग्रहण किया था, लेकिन वर्षों तक बांध का कार्य शुरू नहीं हुआ। 2017 में विदर्भ पाठबंधारे विकास महामंडल द्वारा काम शुरू किया गया, लेकिन प्रभावित लोगों का सवाल है कि जब काम 2017 में शुरू हुआ, तो 2013 के कानून के अनुसार मुआवजा क्यों नहीं दिया जा रहा? इस अन्याय के खिलाफ प्रकल्पग्रस्तों ने आंदोलन का रास्ता चुना और अब तक कोई ठोस जवाब न मिलने के कारण उनका विरोध जारी है।

संघर्ष समिति के अध्यक्ष पुंडलिक तिजारे, उपाध्यक्ष अभिजीत मांडेकर, मिथुन ठाकरे, जयंत लडके, देवराव सपाट, मनोज कोसुरकर, संजय देवाडे, राजू भोयर, वामन चटप, विठ्ठल जुनघरे आदि ने स्पष्ट किया है कि जब तक 240 करोड़ रुपए का प्रस्ताव स्वीकृत नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा। बांध प्रभावितों ने धरना स्थल पर ही गणतंत्र दिवस मनाया। गांवों से आए लोग झोपड़ियों में रह रहे हैं, अपने घरों से बर्तन लाकर आंदोलन स्थल पर चूल्हा जलाकर रोटी-सब्जी बना रहे हैं। वे नदी में स्नान कर रहे हैं, वहीं बर्तन साफ कर रहे हैं और पूरी तरह से आंदोलन स्थल पर ही डटे हुए हैं। 5 फरवरी को प्रदर्शनकारियों ने परियोजना स्थल को घेरकर मानव श्रृंखला बनाई और सरकार से अपनी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने की घोषणा की। आंदोलनकारियों का कहना है कि वे गाने, भजन, भारुड़ और डंडार के माध्यम से अपनी लड़ाई लड़ेंगे और जीतकर रहेंगे। इस आंदोलन में पुरुष, महिलाएं, युवा और बच्चे सभी शामिल हैं। कड़ाके की ठंड में भी वे दिन-रात संघर्ष कर रहे हैं। 2023 में सरकार ने 240 करोड़ रुपए का प्रस्ताव तैयार किया था, लेकिन अब तक उसे मंजूरी नहीं मिली है। जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता, 'चूल्हा जलाव' आंदोलन जारी रहेगा।

# सात कलम कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन के निर्देश: अनूप कुमार यादव

## >100 दिन की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश




**वर्धा.** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा अनुमोदित सात-कलम कार्य योजना को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव और वर्धा जिले के अभिभावक सचिव अनूप कुमार यादव ने दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में नागरिकों की शिकायतें शून्य होनी चाहिए, सरकारी वेबसाइटें अपडेट होनी चाहिए और कार्यालय में आने वाले नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं मिलनी चाहिए।

यादव 100 दिन के कार्यक्रम कार्यान्वयन की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। इस बैठक में जिला कलेक्टर वान्मथी सी., मुख्य कार्यकारी अधिकारी जीतिन रहमान, जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, उपवन संरक्षक हरविर सिंह, अपर कलेक्टर नरेंद्र फुलझेले, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी सूरज गोहाड और परिविक्षाधीन कलेक्टर रवैय्या डोंगरे उपस्थित थे। अभिभावक सचिव ने कहा कि औद्योगिक विकास को गति दी जाए और सेवाग्राम विकास योजना को तेज किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि जिला नियोजन का निधि समय सीमा में खर्च किया जाए और नागरिकों की स्थानीय समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए। यादव ने कहा कि सरकारी कार्यालयों में पीने के पानी, शौचालय और प्रतीक्षालय जैसी बुनियादी सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध होनी चाहिए ताकि नागरिकों को किसी तरह की परेशानी न हो। अभिभावक सचिव ने निर्देश दिया कि प्रत्येक विभाग को अपनी अद्यतन वेबसाइट बनानी चाहिए, जिसमें सेवा गारंटी अधिनियम के तहत दी जाने वाली सेवाओं की पूरी जानकारी उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वेबसाइट को राज्य सरकार के पोर्टल और पीजी पोर्टल से जोड़ा जाए, ताकि नागरिकों को योजनाओं और सेवाओं की जानकारी आसानी से मिल सके। उन्होंने जोर दिया कि कार्यालय प्रमुखों को क्षेत्रीय दौरों पर जाना चाहिए और इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और स्कूलों का दौरा करना चाहिए, ताकि स्थानीय स्तर पर सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि शक्ति पीठ हाईवे, खवड़ा पावर ट्रांसमिशन, सिंदी ड्राईपोर्ट और समृद्धि महामार्ग विस्तार जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि ये योजनाएं जल्द से जल्द पूरी हो सकें। यादव ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार का लक्ष्य आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तालुका और जिला स्तर पर नागरिकों की शिकायतों का समाधान किया जाए, ताकि मंत्रालय स्तर पर शिकायतें न पहुंचें। इस अवसर पर जिला कलेक्टर वान्मथी सी. ने जिले में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने सरकारी वेबसाइटों पर प्राप्त शिकायतों और उनके समाधान, जिला वार्षिक योजना और विभिन्न परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति का विवरण प्रस्तुत किया। बैठक के अंत में जिला योजना समिति के तहत किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई.

# 'रथसप्तमी' सूर्य के प्रति आभार व्यक्त करने का दिन है: अग्रवाल

**वर्धा.**

'सूर्य नमस्कार' एक बहुत ही प्राचीन भारतीय व्यायाम प्रणाली है। इसका अध्ययन शरीर को सुंदर रखने में मदद करता है। इससे स्वास्थ्य, शक्ति और गतिविधि बढ़ जाती है। इसके साथ ही, आध्यात्मिक प्रगति भी हासिल की जाती है। सभी के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए भारतीय संस्कृति को शिक्षा देती है.उसके अनुसार, त्यौहार को सूर्य देवता के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है, जो प्रकाश और गर्मी ऊर्जा देने वाले सूर्य के प्रति कृतग्यता व्यक्त करने के प्रति रथसप्तमी मनायी जाती है.इसलिए 'सूर्य नमस्कार' करे, ऐसा प्रतिपादन समाजसेवी मोहन अग्रवाल ने




किया. वे न्यू इंग्लिश एकेडमी ऑफ जीनियस के मैदान में सूर्योपासक मंडल द्वारा आयोजित सूर्य नमस्कार टूर्नामेंट के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के अध्यक्ष पद से बोल रहे थे। वर्धा एजुकेशन सोसाइटी के सचिव प्रदीप बजाज, विदर्भ साहित्य संघ के अध्यक्ष प्रदीप दाते, न्यू इंग्लिश हाई स्कूल की प्राचार्य अनघा अगवान, डॉ. सुनंदा लोहकरे मंच पर मौजूद थे। परिचय में संजीव लाभे ने कहा, 'यह प्रतियोगिता पिछले 32 वर्षों से चल रही है। सूर्य नमस्कार सबसे सरल व्यायाम है जो तीनों स्तरों पर काम कर सकता है, जैसे कि मन, जीवन और शरीर। इस प्रतियोगिता में वर्धा के 11 स्कूलों से 120 स्पर्धको ने भाग लिया.

इंटर -स्कूल प्रतियोगिता में पहला-स्थान महिला आश्रम बुनियादी उच्च प्राथमिक विद्यालय, वर्धा, दूसरा - न्यू इंग्लिश एकेडमी ऑफ जीनियस, तो न्यू इंग्लिश प्राइमरी स्कूल वर्धा ने तीसरा रैंक हासिल किया.कार्यक्रम का संचालन अपेक्षा देशमुख ने किया. सूर्य नमस्कार प्रात्यक्षिक राजकुमार कान्नव ने किया. पुरस्कार की घोषणा प्रशांत लिडबे ने की.तो आभार पांडुरंग भालशंकर ने माने. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए न्यू इंग्लिश एकेडमी ऑफ जीनियस के प्राचार्य डॉ. देवेंद्र गुजरकर, गौरव चैनानी और सहयोगियों ने कड़ी मेहनत की। इस अवसर पर सूर्योपासक मंडल के कार्यकर्ताओं और माता -पिता की बड़ी उपस्थिति थी। प्राथ.गुट (लडके) प्रथम रघुवीर लोंढे, द्वितीय गोविंद लखपती, तृतीय आराध्य कोलते, प्राथ.गुट (लडकीया) देवयानी आदमने, सह्याद्री कुटारे, श्रावनी मुरकुटे, पुर्व माध्य.गुट (लडके) तन्मय ठाकरे प्रथम, कार्तिक घुगरे द्वितीय, तृतीय मंधन बांते, पुर्व प्राथ.गुट (लडकिया) दिव्या सोलंकी, ह्द्या अवथले, तृतीय विदिशा जोशी, माध्य. गुट (लडके) प्रथम पियुष खडसे, द्वितीय आदर्श पाल, तृतीय नैतिक खेडकर,माध्य.गुट (लडकिया) प्रथम साची गायगोले, द्वितीय सानिग्या कोंडलकर, तृतीय प्रेरणा नवघरे,उच्च माध्य.गुट (लडकीया) प्रथम श्रेया आष्टनकर, व्दितीय वेदांती पवार ने हासिल किया.

# डॉ. मीरा निचले के 'भावांजली' काव्य संग्रह को राज्य स्तरीय शब्दगंध साहित्य पुरस्कार

**वर्धा.** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के अनुवाद अध्ययन विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. मीरा निचले को उनके 'भावांजली' मराठी काव्यसंग्रह के लिए राज्य स्तरीय शब्दगंध साहित्य पुरस्कार-2023 से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार महाराष्ट्र राज्य साहित्य एवं संस्कृति मंडल तथा शब्दगंध साहित्यिक परिषद द्वारा प्रदान किया जाता है। उन्हें यह सम्मान 09 फरवरी 2025 को अहिल्यानगर में आयोजित 16वें राज्य शब्दगंध साहित्य सम्मेलन में प्रदान किया जाएगा। इससे पूर्व, 'भावांजली' काव्यसंग्रह को मुक्त सृजन साहित्य पत्रिका, संभाजीनगर द्वारा विशेष पुरस्कार और महाकवि कालिदास संस्थान, पुणे



द्वारा महाकवि कालिदास पुरस्कार भी प्राप्त हो चुका है। डॉ. मीरा निचले की कविताएं और कहानियां विभिन्न प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई हैं। उनके 50 से अधिक शोध पत्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं एवं संपादित पुस्तकों में प्रकाशित हो चुके हैं। उन्हें महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी द्वारा 'आचार्य नंद दुलारे वाजपेयी' पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. निचले की प्रमुख प्रकाशित कृतियों में 'हंस पत्रिका का योगदान', 'माध्यम', 'साहित्य तथा भाषा: विविध आयाम', 'साहित्य और मीडिया (स्त्री विमर्श के परिप्रेक्ष्य में)', 'कोरियोग्राफर वैशाली गुप्ता (मोनोग्राफ)', 'कॅनव्हास मधून बाहेर डोकावणारी मुलगी', 'जीवन स्वर साध्य करणारे शिक्षण', 'गौरवशाली संस्कृति (हिंदी से मराठी अनुवाद)', 'एक मुट्ठी ऊर्जा (हिंदी काव्यसंग्रह)' और 'भावांजली (मराठी कविता संग्रह)' शामिल हैं। डॉ. निचले की इस साहित्यिक उपलब्धि से साहित्य जगत में हर्ष का माहौल है।

# रेयट्याखेडा महिला मारपीट मामला

## > चिखलदरा थानेदार सहित चार पुलिसकर्मी निलंबित

**अमरावती.** पूरे राज्य में सनसनी मचाने वाले रेयट्याखेडा मामले में चिखलदरा पुलिस स्टेशन के तत्कालीन थानेदार आनंद पिदुरकर सहित दो पुलिस कांस्टेबल और एक महिला कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है। यह आदेश अमरावती डिविजन के आईजी रामनाथ परपोकले ने जारी किया है। दिलचस्प बात यह है कि एचडीपीओ सिद्धेश्वर धूमल की रिपोर्ट पर विचार करते हुए, चिखलदरा थानेदार आनंद पिदुरकर और पांच अन्य पुलिस कर्मियों को 1 फरवरी को स्थानांतरित कर पुलिस मुख्यालय में संलग्न कर दिया गया था। पांच दिन बाद उनके खिलाफ निलंबन



की कार्रवाई की गई है। खास बात है कि इस मामले को सबसे पहले यूसीएन न्यूज ने सामने लाया था। चिखलदरा तहसील के रेयट्याखेडा गांव में 77 साल की एक महिला पर जादू-टोना करने का आरोप लगाकर उसके साथ मारपीट और चेहरे पर कालिख लगाकर उसे गांव में घुमाया गया था। इस मामले ने न केवल अमरावती जिले में बल्कि पूरे राज्य में सनसनी फैला दी थी।मामला सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच अंजनगांव सुर्जी पुलिस उपविभागीय अधिकारी डॉ सिद्धेश्वर धूमल को सौंपी। उन्होंने पुलिस अधीक्षक विशाल आनंद को भी रिपोर्ट सौंपी थी। रिपोर्ट में चिखलदरा थाने के थानेदार आनंद पिदुरकर और चार-पांच पुलिसकर्मियों को ड्यूटी में लापरवाही का दोषी पाया गया। इस रिपोर्ट पर प्रशासनिक कार्रवाई करने का अधिकार सिर्फ आईजी को है। लिहाजा यह रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक द्वारा उन्हें सौंपे जाने के बाद पहले ट्रांसफर और अब पांच दिन बाद थानेदार समेत चार को निलंबित कर दिया गया है। बहरहाल इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है।

# नवोन्मेषी सुझावों का होगा राज्यव्यापी क्रियान्वयन: दादा भुसे

**अमरावती.** उद्यमशील एवं शिक्षा के क्षेत्र में लम्बे समय से सेवारत शिक्षकों से नवीन सुझाव प्राप्त हो रहे हैं। मुख्य रूप से सरकारी स्कूलों में संख्या बढ़ाने के निर्देश को प्रदेश भर में लागू किया जाएगा। यह जानकारी स्कूल शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे ने दी। अमरावती में जिला योजना भवन में शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों की समीक्षा एवं सक्रिय शिक्षकों की चर्चा सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सौरभ कातिवार, मनपा आयुक्त सचिन कलांतरे, प्रभागीय बोर्ड के अध्यक्ष अनिल साबले, शिक्षा उपनिदेशक नीलिमा टाके आदि उपस्थित थे।

इस दौरान भूसे के कहा कि



अनेक कठिनाइयों एवं समस्याओं का सामना करते हुए शिक्षक नवीन गतिविधियाँ चला रहे हैं। शिक्षकों के लिए गैर-शैक्षणिक कार्य कम करने के लिए एक समिति का भी गठन किया गया है। इसलिए जल्द ही शिक्षकों के सामने आने वाले छोटे-छोटे सवालों का समाधान हो जाएगा। शिक्षकों व प्रबंधकों की समस्याओं को नोट कर लिया गया है। निकट भविष्य में इस संबंध में निर्णय लिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालय भ्रमण के दौरान स्वच्छता, पोषण आदि के सम्बन्ध में कार्यवाही की जाय। अनुचित व्यवहार पाये जाने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# मुख्यमंत्री बलिराजा मुफ्त बिजली योजना के तहत जिले के एक लाख 30 हजार किसानों का बिजली बिल हुआ शून्य

**यवतमाल.**

पिछले कुछ वर्षों में जलवायु परिवर्तन, सूखा और लगातार बंजरता के कारण राज्य के किसान हताश हो गये हैं। ऐसे किसानों को राहत देने के लिए, राज्य सरकार ने उनके कृषि पंपों को मुफ्त बिजली प्रदान करके उनके वित्तीय बोझ को कम करने के लिए मुख्यमंत्री बलिराजा मुफ्त बिजली योजना शुरू की। इस योजना के तहत जिले के 1 लाख 30 हजार किसानों को दिसंबर माह के अंत तक 266 करोड़ का बिजली बिल माफ किया गया है।

भारत में कृषि मुख्यतः वर्षा पर निर्भर है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक जलवायु परिवर्तन के कारण मौसमी मौसम में भारी बदलाव देखने को मिल रहा है। इसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। ऐसी कठिनाइयों का सामना कर रहे कृषि पंप उपभोक्ता किसानों को अपने वित्तीय बोझ को कम करने के लिए मुफ्त बिजली प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री बलिराजा मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। इस योजना की घोषणा उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने मानसून सत्र के दौरान की थी। जिले में 1 लाख 30 हजार किसान योजना के लाभार्थी हैं। इसमें बिजली वितरण के दारव्हा डिवीजन में 38 हजार 412 किसान, पांढरकवडा डिवीजन में 27 हजार 597 किसान, पुसद डिवीजन में 41 हजार 872 किसान और यवतमाल डिवीजन में 22 हजार 994 किसान शामिल हैं। योजना शुरू होने से लेकर दिसंबर माह के अंत तक जिले के इन किसानों को 266 करोड़ का बिजली बिल माफ किया जा चुका है। प्रदेश में इस योजना से 44 लाख 3 हजार किसान लाभान्वित हो रहे हैं।

राज्य में 47.41 लाख कृषि पंप उपभोक्ता हैं। कुल उपभोक्ताओं में से 16 प्रतिशत कृषि पंप उपभोक्ता हैं और कुल ऊर्जा खपत का लगभग 30 प्रतिशत कृषि क्षेत्र के लिए है। कृषि उपभोक्ताओं की वर्तमान कुल वार्षिक बिजली खपत 39 हजार 246 मिलियन यूनिट है। उक्त विद्युत का उपयोग मुख्यतः कृषि पम्पों को विद्युत आपूर्ति हेतु किया जाता है।

# हिंगनघाट और समुद्रपूर में रेत माफियाओं का आतंक

## प्रशासन की लापरवाही पर राष्ट्रवादी कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन





**हिंगनघाट.**

हिंगनघाट और समुद्रपूर में रेत माफियाओं द्वारा अवैध रेत खनन का धंधा धड़ल्ले से चल रहा है। प्रशासन की अनदेखी के चलते करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। इस अनियमितता और लापरवाही के विरोध में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के प्रदेश सरचिटणीस अतुल वांदिले के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

हिंगणघाट के शेकापूर (बाई), दारोडा, खूनी (सेवा), आजनसरा के सावंगी, साती और समुद्रपूर के मांडगाव रेत डेपो समेत वना और वर्धा नदी के आसपास के सभी रेत घाटों पर बड़े पैमाने पर अवैध खनन किया जा रहा है। नियमों को ताक पर रखते हुए, पोकलैंड मशीनों और यांत्रिक बोट्स का इस्तेमाल कर 24 घंटे नदी से रेत निकाली जा रही है। शासन के नियमों के अनुसार, रेत खनन केवल सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक ही किया जा सकता है। लेकिन हकीकत में यह कारोबार रातभर चलता रहता है। रेत डिपो धारक नियमों का पालन न करते हुए, अवैध रूप से रेत का संग्रहण और बिक्री कर रहे हैं। जिससे आम नागरिकों को उचित दर पर रेत नहीं मिल रही और उन्हें ऊंची कीमत चुकानी पड़ रही है। शेकापूर (बाई) के रेत घाट पर रात में 20-25 टिप्पर और ट्रैक्टर अवैध रूप से रेत चोरी करते हैं। जेसीबी के जरिए रेत भरकर गाड़ियां निकलती हैं, लेकिन प्रशासन कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर रहा। स्थानीय अधिकारी नेताओं के दबाव में आकर केवल नाममात्र की कार्रवाई कर रहे हैं, जिससे रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

> शासन के निर्देशानुसार कार्रवाई जारी है, जिसके लिए विशेष दलों (पथकों) का गठन किया गया है। इसके साथ ही पुलिस विभाग द्वारा भी पथकों का गठन किया गया है, जो रात में गश्त कर निगरानी रख रहे हैं। सभी डिपो का निरीक्षण किया गया है, और वर्तमान में सभी डिपो बंद हैं। अवैध रेत से संबंधित मामलों में कार्रवाई जारी है। अब तक, जनवरी माह में हिंगणघाट में 20 और फरवरी माह की 7 तारीख तक 2 कार्रवाई की जा चुकी हैं। आगे भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
>
> - योगेश शिंदे, तहसीलदार हिंगनघाट

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) ने साफ चेतावनी दी है कि यदि अवैध रेत माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे। इस आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और शासन की होगी।

इस विरोध प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष सुनील राऊत, तालुकाध्यक्ष महेश पाटील झोटिंग, शहर अध्यक्ष बालु वानखेडे, समाजसेवी अशोक पराते, सुनील डोंगरे, युवा अध्यक्ष राहुल वानखेडे, पूर्व नगरसेवक दादा देशकरी, बालाजी बहलोद, विजय तामगाडगे, पूर्व जि.प. सदस्य घनश्याम येंडे समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे। राष्ट्रवादी कांग्रेस ने आम जनता से अपील की है कि वे अवैध रेत खनन के खिलाफ आवाज उठाएं और प्रशासन को इस गोरखधंधे पर रोक लगाने के लिए मजबूर करें।

# वृक्षमित्रों ने मोक्षधाम में लगाया 25 फीट ऊंचा पेड़

**हिंगनघाट.**

मोक्षधाम में वृक्षमित्र परिवार ने अनोखी पहल करते हुए 25 फीट ऊंचे पीपल के वृक्ष और 10 फीट ऊंचे कदंब के वृक्ष का रोपण किया। इस पहल का उद्देश्य अंतिम यात्रा में शामिल होने आने वाले लोगों को छाया प्रदान करना है।

मोक्षधाम में छायादार वृक्षों की संख्या कम होने के कारण गर्मी के दिनों में आने वाले लोगों को कड़ी धूप सहन करनी पड़ती थी। इस समस्या को देखते हुए वृक्षमित्र परिवार ने हिंगनघाट से करीब 7 किमी दूर चिंचोली स्थित स्नेहल किसान नर्सरी से 14-15 वर्ष पुराना पूर्ण विकसित 25 फीट ऊंचा पीपल का पेड़ मंगवाया। इस पेड़ को नर्सरी संचालक दिगंबर खांडरे ने निःशुल्क दान कर समाज के सामने एक नई मिसाल पेश की। इस विशाल वृक्ष को मोक्ष धाम तक पहुंचाने के लिए क्रेन की मदद ली गई। वहां पहले से बने कंक्रीट के फर्श को तोड़ना और उसमें गहरा गड्ढा खोदना एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन वृक्षमित्रों ने अपनी मेहनत और लगन से इसे संभव कर दिखाया। जब वृक्ष को खड़ा करने में दिक्कतें आईं तो अंतिम यात्रा में आए लोगों ने भी स्वेच्छा से मदद का हाथ बढ़ाया। सामूहिक प्रयास से यह विशाल वृक्ष मोक्षधाम में रोपित किया गया। इसके साथ ही, 10 फीट ऊंचे कदंब के वृक्ष का भी रोपण किया गया। वृक्षमित्र परिवार की इस नेक पहल से अब अंतिम विदाई के लिए आने वाले लोगों को छांव की राहत मिल सकेगी।

# दिल्ली के ओखला लैंडफिल में लगी आग

**नई दिल्ली.**

राष्ट्रीय राजधानी से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दिल्ली के ओखला लैंडफिल साइट पर शुक्रवार को भीषण आग लग गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने में जुटी है। आसमान में उठ रहे धुएं दूर-दूर तक दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, अभी तक आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है।

ओखला लैंडफिल साइट में अचानक से आग लगी और अलग-अलग जगहों से धुआं उठ रहा है। फायर ब्रिगेड के कर्मचारी कूड़े के ढेर के ऊपर चढ़कर आग बुझाने की कोशिश कर रहे हैं। इसे लेकर एक वीडियो भी सामने आया है, जिससे



कूड़े के ढेर में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी नजर आ रहे हैं। ओखला लैंडफिल साइट पर आग किसने लगाई? यह जांच का विषय है। आग पर काबू पाने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मामले की जांच पड़ताल करेगी। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है और सड़क पर चलने वाले लोगों को दूर रहने की सलाह दी गई है।

**दिल्ली के रोहिणी सेक्टर 28 में लगी आग**

आपको बता दें कि इससे पहले दिल्ली के रोहिणी सेक्टर 28 स्थित उपवन अपार्टमेंट के पास झुग्गी बस्ती में आग लगी थी, जिसके लिए फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची थीं। इस आगजनी में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।




**सौंसर शहर के बाजार चौक स्थित नगर पालिका द्वारा रिटायर कर्मचारियों के लिए बनाए गए पेंशनर भवन का हाल, जो कई सालों से बंद पड़ा है और आसपास अतिक्रमणों से घिरा हुआ है।**

# 'आम्ही दिग्रसकर' संगठन ने पेश की सामाजिक दायित्व की मिसाल!

## > पीड़ित परिवार को पहुचाई राहत!

**दिग्रस.**



शुक्रवार को स्थानीय आम्ही दिग्रसकर इस सामाजिक संगठन ने आगे आते हुए दो पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद के साथ ही कपड़े तथा जीवनावश्यक वस्तुओं की भेंट प्रदान कर समाजिक दायित्व की काबिले तारीफ मिसाल पेश की है.

बीते बुधवार को देवनगर (गोंड पूरा) में सिलेंडर में अचानक आग लगने से दो घरों का लाखों रुपयों का नुकसान हुआ था. इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में मकान मालिक अशोक सडमाके और लक्ष्मण सडमाके के घर का फ्रीज, एलईडी टीवी, साईकील, फैन, किचन का सामान, बर्तन, बिस्तर, कपड़े आदि सब कुछ जलकर खाक हो गया. इस घटना की खबर को इन बीसीएन न्यूज़ चैनल ने जारी कर पीड़ित परिवारों के मदद की अपील की थी.

जिसके बाद आम्ही दिग्रसकर संगठन ने इन परिवारों को मदद दिलाने के उद्देश से विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप्स पर शहर के नागरिकों से हर संभव मदद की अपील की और खुद संगठन के पदाधिकारियों और संगठन से जुड़े लोगों ने स्वयं इस पहल में योगदान देते हुए सडमाके परिवार को 4 टिन, किराणा सामग्री सहित नए कपड़े तथा 6500 रुपए की नकद राशि मदद के तौर पर प्रदान की. इस मौके पर शुक्रवार को आम्ही दिग्रसकर संगठन के पदाधिकारियों में पूर्व पालिका उपाध्यक्ष अजिंक्य मात्रे, पूर्व पार्षद केतन रत्नपारखी, अरबाज धारिवाला, प्रज्योत अरगडे,सुरेश झोल, अफजल खान, सुरेश चिरडे सहित गोंडपूरा निवासी प्रकाश गेडाम, किशोर कोहचडे, देवांनंद चांदेकर आदि नागरिक उपस्थित थे.

# अज्ञात चोरों ने सुनार की दुकान से 1.50 लाख के सोने और चांदी के आभूषण ले भागे

**कोंढाली.**

रामनगर के सौभाग्य अलंकार नामक एक सोने और चांदी के व्यापारी की दुकान का शटर तोड़ दिया और दुकान से सोने और चांदी के गहने चुरा लिए। चोरों ने इस व्यवसायी के यहां से ₹.50 से अधिक के गहने चुरा लेनी की शिकायत कोंढाली पुलिस स्टेशन में कोंढाली के रामनगर निवासी में विजय नारायण बांगरे की घर के सामने वाले कमरे में सोने-चांदी की दुकान है। गुरुवार (6 तारीख) को, उन्होंने दिन भर बिक्री करने के बाद दुकान बंद कर दी और बगल के घर में सोने चले गए। आधी रात के बाद, चार अज्ञात चोरों ने लोहे की रॉड से दुकान का शटर तोड़ दिया और दुकान से सोने और चांदी के गहने चुरा लिए। इस समय, विजय बांगरे की पत्नी शोर से जाग गई और दुकान में रोशनी देखी और तुरंत अपने पति को जगाया। विजय बांगरे तुरंत उठे और चिल्लाए, और चोर भाग गए। इस दौरान चोरों ने बगल में विजय बांगरे के छोटे भाई की मिक्सर गैस रिपेयर की दुकान का शअज्ञात चोरों ने सुनार की दुकान से 1.50 लाख के सोने और चांदी के आभूषण ले भागे कोंढाली. रामनगर के सौभाग्य अलंकार नामक एक सोने और चांदी के व्यापारी की दुकान का शटर तोड़ दिया और दुकान से सोने और चांदी के गहने चुरा लिए। चोरों ने इस व्यवसायी के यहां से ₹.50 से अधिक के गहने चुरा लेनी की शिकायत कोंढाली पुलिस स्टेशन में कोंढाली के रामनगर निवासी में विजय नारायण बांगरे की घर के सामने वाले कमरे में सोने-चांदी की दुकान है। गुरुवार (6 तारीख) को, उन्होंने दिन भर बिक्री करने के बाद दुकान बंद कर दी और बगल के घर में सोने चले गए। आधी रात के बाद, चार अज्ञात चोरों ने लोहे की रॉड से दुकान का शटर तोड़ दिया और दुकान से सोने और चांदी के गहने चुरा लिए। इस समय, विजय बांगरे की पत्नी शोर से जाग गई और दुकान में रोशनी देखी और तुरंत अपने पति को जगाया। विजय बांगरे तुरंत उठे और चिल्लाए, और चोर भाग गए। इस दौरान चोरों ने बगल में विजय बांगरे के छोटे भाई की मिक्सर गैस रिपेयर की दुकान का शटर भी तोड़ दिया और दुकान से पैसे चुरा लिए। उसी रात, उन्होंने शिक्षक येनेगुरे के घर के गेट पर लगे ताले को तोड़ने की कोशिश की, लेकिन चोरी का प्रयास विफल रहा। इस घटना का कोंढाली के थानेदार तथा फॉरेंसिक की जांच दल आगे की जांच कर रहे है.

टर भी तोड़ दिया और दुकान से पैसे चुरा लिए। उसी रात, उन्होंने शिक्षक येनेगुरे के घर के गेट पर लगे ताले को तोड़ने की कोशिश की, लेकिन चोरी का प्रयास विफल रहा। इस घटना का कोंढाली के थानेदार तथा फॉरेंसिक की जांच दल आगे की जांच कर रहे है.

# खस्ताहाल सड़क को डामरीकरण कर की मांग एमडीपी



**नागपुर.**

माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी का शिष्टमंडल शहर कार्यकारी अध्यक्ष जुल्फिकार अहमद शानू के नेतृत्व में महाराष्ट्र रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के आला अधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपा और खस्ताहाल सड़क का डामरीकरण करने मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कड़बी चौक से मोमिनपुरा चौक तक पुलिया के निर्माण कार्य के चलते सड़क पर हर तरफ खड्डे हो गए हैं, खस्ता हाल सड़क जो वाहन चालकों और राहगीरों के लिए गंभीर असुविधा और खतरे का कारण बन रही हैं। खड्डों के कारण यातायात बाधित हो रहा है, और विशेष रूप से रात्रि के समय दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है,जिससे आम जनता को भारी परेशानी हो रही है। इस को लेकर निवेदन सौंपा गया। मार्च माह से रमजान का पवित्र त्यौहार शुरू हो रहा है, जल्द से जल्द सड़क पर डामरीकरण करने की मांग की गई। शिष्टमंडल में अध्यक्ष फहीम पटेल,यूसुफ शेख,अमजद खान,समीर शेख, मोहम्मद फैय्याज, इरफान खान, अहफाज पटेल आदि उपस्थित थे।

# मृणाली झाड़े को मिला मध्यप्रदेश का सर्वश्रेष्ठ अबेकस सेंटर अवार्ड



**सौंसर.**

मृणाली दर्शन झाड़े, माऊली प्रोएक्टिव अबेकस सेंटर की संचालिका को हाल ही में मध्य प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ अबेकस सेंटर अवार्ड मिला। यह सम्मान उन्हें अपने केन्द्र के बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया गया।

विगत दिनों सौसर नगर के छात्रों ने नागपुर में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें 24 बच्चों का समावेश था। इनमें से 7 बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिता में बच्चों को 6 मिनट में 100 गणितीय सवालों के उत्तर देने थे। प्रतियोगिता में कक्षा के बच्चों में से कई ने अव्स्तुत प्रदर्शन किया। इस तरह के प्रदर्शन करने वाले बच्चों में केजी टू की छात्रा नीलाक्षी रविशंकर धुर्वे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं हर्षिता महेश आहके ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, कक्षा 1 की छात्रा क्रिशा दर्शन झाड़े ने भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 3 के जैतीक राजेंद्र सरयाम, कक्षा 5 के दक्ष आकाश कडू और कक्षा 6 के पुनीत महेश आहके ने क्रमशः तीसरा और पांचवां स्थान प्राप्त किया।

इसके साथ ही, बाकी सभी बच्चों को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के लिए माऊली प्रोएक्टिव अबेकस सेंटर की संचालिका मृणाली दर्शन झाड़े ने अपने विद्यालय के निदेशक गिरीश करडे का आभार व्यक्त किया।

# ग्राम भारती छिंदवाड़ा द्वारा आयोजित गुरुजी शिक्षण समिति की बैठक संपन्न

**छिंदवाड़ा.**

ग्राम भारती छिंदवाड़ा द्वारा गुरुजी शिक्षण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक श्रीमान नंदकुमार शुक्ला, अध्यक्ष ग्राम भारती छिंदवाड़ा की उपस्थिति में सरस्वती शिशु मंदिर बेरडी में संपन्न हुई।

बैठक में शिशु नगरी, विद्यारंभ संस्कार, समर्पण, मान्यता, और बोर्ड कक्षाओं के परिणाम की समीक्षा की गई। इसके अलावा आगामी योजनाओं पर चर्चा हुई, जिसमें विद्यालय की शेष शुल्क, ग्राम भारती की देनदारियां, और समिति के सदस्यों से विद्यालय के पालकों से संपर्क करने, नवीन प्रवेश हेतु पोषक ग्रामों में संपर्क बनाने, ग्रामभारती कार्यालय निर्माण के लिए सहयोग, और विद्यालय की आगामी कार्य योजना पर विचार किया गया। इस बैठक में अजय औरंगाबादकर (कोषाध्यक्ष), डॉ. अरविंद फोले (सचिव), डॉ. विजय पराडकर (वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र, छिंदवाड़ा), शीला शुक्ला (सदस्य), रामदास ढोक (समन्वयक), सहदेव डिगरसे (ग्राम भारती छिंदवाड़ा), राजू बाविसटाले (अध्यक्ष), प्रदीप माहेश्वरी (उपाध्यक्ष), नीता बोडखे (सचिव), नंदकुमार राय (सदस्य), प्रीतम रूंघे (संयोजक), अशोक लाखे, उमेश डोंगरे, नितेंद्र बोडे, धनराज वाघमारे, और सरिता टुनकीकर की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालय की प्रगति और सुधार के लिए सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना था, ताकि आने वाले समय में सभी योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया जा सके।

# वॉइस ऑफ किशोर कुमार पुरस्कार से प्रदीप गायगोले सम्मानित

**कामठी.**

होम्स इंडिया नागपुर की ओर से पार्श्वगायक स्व.किशोर कुमार के पुण्यतिथि के अवसर पर वॉइस ऑफ किशोर कुमार स्पर्धा होम्स ऑडिटोरियम नागपुर में आयोजित की गई थी।

इस स्पर्धा में कुल 46 प्रतिस्पर्धियों ने भाग लिया था। जिसमें से 10 स्पर्धाओं का चयन किया गया था। रेशमबाग स्थित



कविवर्य सुरेश भट सभागृह में अंतिम फेरी निर्णयात्मक स्पर्धा के लिए गुरुवार 6 फरवरी को 10 चयनित स्पर्धाओं में से तीन प्रतिस्पर्धियों चयन किया गया। जिसमें कामठी पंचायत समिति के सेवानिवृत गट विकास अधिकारी (बीडीओ) प्रदीप गायगोले को सेलिब्रिटी सिंगर देवा मोहोड़, एंबेसेडर सिंगर अनूप कावले, होम्स इंडिया नागपुर के चीफ प्रमोटर एस. रामानंद के हस्ते मोमेंटो, प्रमाणपत्र धनादेश प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर कामठी तालुका पत्रकार संघ ने अभिनंदन व्यक्त किया है।

# उपजिला अस्पताल में निशुल्क रोग निदान, उपचार शिविर संपन्न

**कामठी.**

महाराष्ट्र सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के नेतृत्व में, उपज़िला अस्पताल में शुक्रवार को आयुष्मान भव के तहत निशुल्क रोग निदान और उपचार शिविर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य शिविर के तहत, कुल 853 लाभार्थियों ने शिविर का लाभ उठाया। जिसमें 323 पुरुष एवं 530 महिला लाभार्थी का समावेश है। इसी तरह, लाभार्थियों ने सेवा का लाभ उठाया। स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नैना दुफारे तथा तत्कालीन



वैद्यकीय अधिकारी डॉ. निशात शेख़ के मार्गदर्शन में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा ठीक से योजना बनाई गई थी। शिविर के लिए, लता मंगेशकर अस्पताल, सीताबर्डी, नागपुर की विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने रोगियों की चिकित्सा परीक्षण के साथ इलाज किया गया था और शिविर के सफलतार्श सभी का सहयोग रहा।

# रिहायशी जगह से ट्रांसफार्मर हटाने की मांग

## > बिजली विभाग एसडीएम का आदेश नहीं मानता

**सौंसर.**

नगर से लगे बेलगाँव में बच्चों के खेलने के पार्क मे अवैधानिक रूप से नल जल योजना की टंकी ,नलकूप आदि का निर्माण कर सारे पार्क का सौंदर्य तहस नहस कर दिया है। रही सही कसर बिजली विभाग ने इसी पार्क में स्थानीय निवासियों के विरोध के बावजूद रिहायशी स्थान पर घरों से लगकर लोगों के जान माल की परवाह किये बगैर ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया है। बेलगाँव निवासी चंदू शेंडे एवं ग्राम वासियों ने बताया कि,दो माह पूर्व हमने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर ट्रांसफार्मर हटाकर अन्य सुरक्षित जगह पर लगाने की मांग की थी,जिसे प्रशासन ने तुरंत हटाने का आदेश दिया था, परंतु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं



हुई है। इस स्थान पर मोहल्ले के छोटे छोटे बच्चे दिनभर खेलते हैं, महिलाएं उठती बैठती है । कभी भी दुर्घटना हो सकती है ।

# सौंसर विधानसभा क्षेत्र को मिली करोड़ों की सौगात



**सौंसर.** मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की विकासशील नीति, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रल्हाद पटेल द्वारा पूर्व मंत्री नाना भाऊ मोहोड़ की पहल एवं सांसद विवेक बंटी साहू की अनुशंसा पर पांढुरना जिले की अभूतपूर्व सौगात मिली है। सौसर ब्लॉक के ग्राम पंचायत परतापुर, हिवरा पंचायत के खेड़ी जसोदा, मोहखेड़ ब्लॉक के गोरखपुर, दगड़िया मॉल में 25-25 लाख के सामुदायिक भवन को स्वीकृति मिली है। वहीं सौसर विकासखंड के मालेगांव में आंगनवाड़ी भवन हेतु 21 लाख की स्वीकृति मिली है। सरपंच संगठन ने पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड का आभार व्यक्त किया है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में आवास का लक्ष्य तेज गति से पूरा करें

## मंत्री जयकुमार गोरे का वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश

**नागपुर.**

ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री जयकुमार गोरे ने नागपुर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग के सभी जिलों में भूमिहीन लाभार्थियों को भूमि उपलब्ध कराएं, इस कार्य में आने वाली तकनीकी कठिनाइयों से सरकार को अवगत कराएं और उनका समाधान करें, ग्रामीण क्षेत्रों में आवास के लक्ष्य को योजनाबद्ध तरीके से पूरा करने में तेजी लाएं। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा दिए गए 100 दिन के लक्ष्य को बिना किसी समझौते के पूरा करने का निर्देश भी दिया।

संभागीय आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री जयकुमार गोरे की अध्यक्षता में नागपुर मंडल की समीक्षा की गई। वह इस समय बोल रहे थे। इस अवसर पर ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज विभाग के प्रमुख सचिव एकनाथ दावले, प्रभारी संभागीय आयुक्त डॉ. इस अवसर पर संभाग के जिला परिषदों



के मुख्य कार्यकारी अधिकारी माधवी खोडे-चावरे, सर्वश्री विनायक महामुनि (नागपुर), समीर कुर्ताकोटी (भंडारा), मुरुगनंथम एम. (गोंदिया), विवेक जॉनसन (चंद्रपुर), जितिन रहमान (वर्धा), सुहास गाडे (गढ़चिरौली) के साथ विभागीय आयुक्त कार्यालय से विकास उपायुक्त कमल किशोर फुटाने, विकास स्थापना शाखा उपायुक्त विवेक इल्मे और अन्य उपस्थित थे।

मंत्री गोरे ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण-चरण 1 और 2), राज्य प्रवर्तित रमाई आवास योजना, शबरी आवास योजना और मोदी आवास योजना के तहत विभाग के उद्देश्यों, पूर्ण किए गए कार्यों और कठिन कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने लाभार्थियों को मनरेगा के तहत अनुमेय मजदूरी का सख्ती से भुगतान करने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि सरकार को विभिन्न माध्यमों से भूमिहीन लाभार्थियों को भूमि उपलब्ध कराने, तकनीकी मुद्दों को सुलझाने तथा लाभार्थियों को समय पर लाभ की किस्तें प्रदान करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करना चाहिए।

# पूर्व मंत्री नाना मोहोड के प्रयासों से जरूरतमंदों का उपचार संभव

**सौंसर.** मध्यप्रदेश शासन की मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान योजना के तहत विधानसभा के पांच जरूरतमंद मरीजों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड के प्रयासों से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हजारों रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है, जिससे इन जरूरतमंदों का उचित उपचार हो सकेगा। स्वीकृत राशि इस प्रकार है: पवन घातोड़े (सौसर) – ₹30,000, दीपक भादे (बनगांव, पांढुर्णा) – ₹20,000, शरद गुप्ते (सिवनी, पांढुर्णा) – ₹15,000, भारत खन्ना (पांढुर्णा) – ₹15,000, सरोज साहू (चिखली, पांढुर्णा) – ₹10,000 पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सहायता जरूरतमंदों के जीवन में राहत लाएगी। उनके निरंतर प्रयासों से आगे भी गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को मदद मिलती रहेगी।

# अनियंत्रित मारुती ओमनी व्हॅन की पेडको टकराई कार चालक की मौत

**कोंढाली.**



स्थानीय पुलीस थाना अतर्गत कोंढाली वर्धा मार्ग पर कोंढाली से वर्धा की ओर तेज रफ्तार मे जारही चलती मोरोती ओमनी व्हॅन के चालक का वाहन पर से नियंत्रण खोने से ओमनी कार सडक किनारे पेड से टकराई, टक्कर इतनी जबरदस्त थी की कार चालक की मौत हो गई.

प्राप्त जानकारी के अनुसार विशाल देवानंद खोब्रागडे( 25) विवरा तहसील नरखेड यह मृत व्हॅन चालक का नाम है. विशाल खोब्रागडे मारोती ओमनी व्हॅन क्रमांक एम एच 31 ई के 2518 मे ब्लिचीग पावडर तथा कुछ दवाईया लादकर काटोल से कोंढाली मार्ग से वर्धा की ओर जारहा था. कोंढाली- वर्धा मार्ग पर यहा से ३ कि. मी दुर बोरगांव क्षैत्र मे आज दिनांक 7 फरवरी को दोपहर 4 बजे विशाल ने सडक के बाजु एक बडे पेड को व्हॅन ने जबरदस्त टक्कर मार दी जिसमे मारोती ओमनी व्हॅन का सामने का भाग चकनाचूर हो गया तथा व्हॅन मे फसकर विशाल गंभीर घायल हो गया दुर्घटना की जानकारी मिलते ही की जानकारी मिलते ही कोंढाली पुलीस तथा वसंत राव देशमुख प्रतिष्ठान तथा सोलर एक्सप्लोजिव्ह द्वारा एंब्यूलेस में चालक संजय गायकवाड ने स्थानीय लोगो की मदत से विशाल खोब्रागडे को व्हॅन से निकालकर कोंढाली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुचाया. कोंढाली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की वैद्यकीय अधिकारी डा. आदिती डेहनकर ने जांच कर विशाल को मृत घोषित किया.

कोंढाली पुलीस ने मृतक का पंचनामा कर मृतदेह पोस्टमार्टम के लिए काटोल ग्रामीण रुग्णालय भेज दिया कोंढाली के थानेदार राजकुमार त्रिपाठी , ए एस आय एस नागरे, प्रशांत निभोरकर तथा सहकारी जांच कर रहे है.